**726. अरब सागर की ओर प्रवाहित होने वाली नदियों का चयन कीजिए-**

(a) साबरमती, सोम, माही, लूनी
(b) चम्बल, कोठारी, बनास, बेडच
(c) काकनी, साबी, घग्घर, मसूरदी
(d) चम्बल, सोम, घग्घर, लूनी

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019**

**Ans. (a) –** अरब सागर की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ- साबरमती नदी, सोम नदी, माही नदी, लूनी नदी, जवाई नदी, खारी नदी, बांडी नदी, जाखम नदी, पश्चिमी बनास नदी आदि।

**727. राजस्थान के अन्तः प्रवाही अपवाह तंत्र में कौन सी नदी सम्मिलित नहीं है?**

(a) पश्चिमी बनास नदी (b) रूपारेल नदी
(c) सावी नदी (d) काकनी नदी

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (a)** वे नदियाँ जो अपना जल समुद्र तक नहीं ले जाती है तथा अपना जल प्रवाह क्षेत्र में ही विलुप्त हो जाती हैं। उन्हें आंतरिक प्रवाह की नदियाँ कहा जाता है।
राजस्थान की अपवाह प्रणाली की प्रमुख विशेषता यह है कि राज्य के लगभग 60.2 प्रतिशत क्षेत्र में आंतरिक प्रवाह प्रणाली पायी जाती है। आंतरिक प्रवाह वाली नदियों में घग्घर, बाणगंगा, साबी, कान्तली, काकनी (मसूरदी) व मेंथा रूपारेल, रूपनगढ़, मेढ़ा नदियाँ शामिल हैं। पश्चिमी बनास नदी कच्छ की खाड़ी में गिरती है।

**728. निम्नलिखित में से राजस्थान की आंतरिक प्रवाह की नदियाँ कौन सी है?**

(a) कांटली, साबी, कालीसिंध, कोठारी
(b) कालीसिंध, चंबल, कोठारी, जाखम
(c) कांतली, मसूरदी, साबी, बाणगंगा
(d) मोरेल, पार्वती, सोम, चंबल

**कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018**

**Ans. (c)** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखे–

**729. निम्नलिखित में से राजस्थान में कौनसी अन्तःप्रवाहित नदी नहीं है-**

(a) साबी (b) कांतली
(c) वापनी (d) काकनी

**Investigator Exam Date- 21.08.2016**

**Ans. (c)** उपरोक्त प्रश्न की ब्याख्या देखे–

**730. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान की अंतःप्रवाही नदी नहीं है?**

(a) घग्घर (b) काँटली
(c) साबी (d) कोठारी

**कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018**

**Ans. (d)** कोठारी नदी राजस्थान की अन्तः प्रवाही नदी नही है। यह राजसमंद जिले में देवगढ़ के पास अरावली पहाड़ियों मे निकलती है तथा अन्त में कोटरी तहसील के नंदराय में बनास नदी में मिल जाती है। इस नदी पर बना मेजा बांध भीलवाड़ा जिले को पीने का पानी उपलब्ध करवाता है।

**731. निम्न में से कौन सी आन्तरिक अपवाह नदी है?**

(a) मीठड़ी (b) साबी
(c) मासी (d) सूकड़ी

**वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)**

**Ans. (b) :** 'साबी' एक आन्तरिक अपवाह नदी है। 'साबी' नदी राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली राज्य से होकर बहने वाली एक अल्पकालिक वर्षा आधारित नदी है। यह नदी अरावली पहाड़ी से निकलने वाली नदी है। इसके जल का मुख्य स्रोत वर्षा का पानी है।

**732. निम्नलिखित में से कौन सी नदी आंतरिक अपवाह से संबंधित नहीं है?**

(a) साबी (b) घग्घर
(c) काकनी (d) सागी

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019**
**RPSC School Lecturer-26-04-2017**

**Ans. (d) :** राजस्थान की ''सागी नदी'' अरब सागरीय अपवाह से संबंधित नदी है। इस नदी का उद्गम जालौर जिले की जसवंतपुर पहाड़ियों से होता है। यह बाड़मेर जिले के गाँधव गाँव के समीप लूणी नदी में मिल जाती है। सागी, अरब सागर नदी तंत्र की नदी है।

**733. राजस्थान के आन्तरिक अपवाह तंत्र में निम्नांकित में से कौन सी नदी सम्मिलित नहीं है?**

(a) काकनेय (b) सोता
(c) जाखम (d) घग्गर

**पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथिः19-09-2020**

**Ans. (c)** जाखम नदी राजस्थान के आंतरिक अपवाह तंत्र में सम्मिलित नही है।

**734. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी राजस्थान के आन्तरिक अपवाह तन्त्र से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) कान्तली (b) काकनी
(c) मेढ़ा (d) डाई

**कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022**

**Ans. (d) :** डाई नदी अजमेर जिले के नसीराबाद तहसील के पास राजगढ़ गाँव में अरावली रेंज के दक्षिण पूर्वी ढलानों से निकलती है। अन्त में बनास नदी में सम्मिलित होकर प्रवाहित होती है।

**735. निम्नांकित नदियों में से कौन सी अन्तः प्रवाही नदी <u>नहीं</u> है?**

(a) लिक (b) मेंढ़ा
(c) वाकल (d) खण्डेल

**Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022**

**Ans. (c) :** वाकल नदी अन्तः प्रवाही नदी नहीं है। यह नदी राजस्थान व गुजरात के बीच सीमा का निर्धारण करने वाली साबरमती की एक सहायक नदी है।

**736. निम्न में से कौन सी नदी राजस्थान के आंतरिक अपवाह तंत्र से संबद्ध नहीं है?**

(a) रूपनगढ़ (b) खांडेला
(c) मेंढ़ा (d) मित्री

**RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015**